**कॉलोनियों की खेती** • प्रशासन को मिलीं सरकारी और निजी जमीन पर अवैध कब्जे की कुछ और शिकायतें, अगले सप्ताह तोड़ेंगे अतिक्रमण

# मांगरोल फंटे की अवैध कॉलोनी पर चलेगा बुलडोजर, कालिकामाता मंदिर की कब्जाई जमीन की सुनवाई पूरी

## सालों से कब्जाई जमीनें वापस मिलने से हकदारों को मिल रही राहत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मांगरोल फंटे के सामने वाली अवैध कॉलोनी पर जल्द बुलडोजर चलेगा। जांच में कॉलोनी अवैध निकली है। इसमें टीएंडसीपी से नक्शा पास कराए और पंचायत की परमिशन लिए बिना कॉलोनाइजर ने 2.20 करोड़ से सीमेंट कांक्रीट सड़क और अंडर ग्राउंड सीवर सिस्टम बना रखा है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तक पहुंच गई है। परीक्षण के के बाद सरकारी अमले ने अवैध कॉलोनी की सीसी सड़क और सीवर सिस्टम को तोड़ने की तैयारी कर ली है। जांच में खुलासा हुआ है कि मांगरोल फंटे की यह अवैध कॉलोनी 60 बीघा से ज्यादा में फैली हुई है। कॉलोनाइजर एक्ट से बचने के लिए भूमाफिया वेयर हॉउस और कॉटेज के नाम पर एक-एक बीघा के प्लॉट काटकर बेच रहे हैं। ऊंची कीमत वसूलने के लिए कॉलोनाइजर ने बिना परमिशन अवैध कॉलोनी में एक किमी से अधिक लंबाई की सीमेंट कांक्रीट सड़क भी बना दी। इतना ही नहीं सरकारी कार्रवाई से बचने और अफसरों की आंख में धूल झोंकने के लिए 13 दिसंबर को कॉलोनाइजर ने सीसी रोड को मिट्टी डालकर छिपा दिया है। यह बात अलग है कि कॉलोनाइजरों की यह करतूत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की नजर में आ गई है। कलेक्टर ने बताया जल्द ही कार्रवाई करके सड़क और सीवर लाइन तोड़ देंगे।

### जांच में खुलासा : मांगरोल फंटे की अवैध कॉलोनी 60 बीघा से ज्यादा में फैली हुई है



मांगरोल फंटे की अवैध कॉलोनी में बनी सीसी सड़क, जिसे अब मिट्टी डालकर छिपा दिया गया है।



सीसी सड़क के सहारे बनाई गई सीवरेज लाइन और चैंबर, इस पर भी मिट्टी डाल दी गई है।

### सारे सौदे पर्ची पर, नहीं हुई रजिस्ट्री

सादी पर्ची पर मांगरोल फंटे के सामने वाली अवैध कॉलोनी में एक-एक बीघा के प्लॉट खरीदने वालों के रुपए डूब जाएंगे। कॉलोनाइजर ने अब तक एक भी प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं कराई है। जमीन किसी और के नाम है, अवैध कॉलोनी किसी दूसरे ने काटी है। मामला उलझता देख अब जमीन मालिक ने रजिस्ट्री से मना कर दिया है। कॉलोनाइजर सरकारी कार्रवाई को रुकवाने की जुगाड़ लगाते फिर रहे हैं।

### पूर्व सैनिक की पत्नी को मिली जमीन, दूसरे का था कब्जा

शुक्रवार को सरकारी अमले ने ग्राम बिबड़ौद की सर्वे नंबर 13 की 2.200 हेक्टेयर जमीन का अवैध कब्जा हटाकर सैनिक की विधवा को वापस दिलवाई। यह जमीन सरकार ने रामदेवजी की घाटी निवासी पूर्व सैनिक एक्सपीआर नायक दुर्गाशंकर की पत्नी सागरबाई को आवंटित की थी। इस पर बिबड़ौद के पृथ्वीराज गुर्जर ने महिला के नकली हस्ताक्षर कर कब्जा कर लिया था। महिला सागरबाई ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को शिकायत की थी। कार्यालय ने आगामी कार्रवाई के लिए यह शिकायत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को भेजी थी। इस पर शुक्रवार को तहसीलदार सोनी ने नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी को भेजकर जमीन का सीमांकन करके पृथ्वीराज के कब्जे को हटाया दिया।

### कब्जा मुक्त कराएंगे कालिकामाता मंदिर की 7350 वर्गफीट जमीन

श्री कालिकामाता मंदिर की आनंद कॉलोनी रोड स्थित पीएचई ऑफिस के सामने वाली जमीन का कब्जा हटाने की भी प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में प्रशासन ने तीन कब्जेदार अतिक्रमणकर्ता रईस पिता रसूल, अख्तर पिता रसूल, अनीस पिता रसूल को नोटिस जारी किए थे। इनमें से एक की सुनवाई पूरी हो गई है। दूसरे ने कोर्ट स्टे की कॉपी प्रस्तुत की है, लेकिन वैधानिक तरीके कार्रवाई करने को कहा गया है। इसलिए प्रशासन अब उसकी दूसरी बार सुनवाई करेगी। तीसरे कब्जेदार की भी सुनवाई शनिवार को हो जाएगी। इसके बाद देवस्थान न्यास की इस जमीन का अतिक्रमण अगले सप्ताह तोड़ा जाएगा। यहां लगभग 0.250 बीघा जमीन पर कब्जा करके पक्के मकान और दुकानें बना दिए गए हैं। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने अतिक्रमणकर्ता रईस पिता रसूल, अख्तर पिता रसूल, अनीस पिता रसूल को नोटिस दे रखा है। रईस ने 2400 वर्गफीट, अख्तर और अनीस ने 4950 वर्गफीट पर मकान, दुकानें बना रखी है।

दै.भास्कर 18/12/21

# शेरानीपुरा की सड़क सुधरेगी, रावटी-नायन सड़क निर्माण होगा तेज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के शेरानीपुरा क्षेत्र की सड़क जल्द सुधर जाएगी। सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सड़क की दशा सुधारने के लिए निगम आयुक्त को तेजी से काम करने का कहा है। इधर, रावटी और नायन की सड़क का काम भी तेज होगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के महाप्रबंधक और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को तेजी से निर्माण करने का कहा है। सड़क की स्थिति बहुत खराब है।

सोमवार को कलेक्टर ने समीक्षा बैठक ली। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की सड़क के बारे में बताया कि वहां जितने पेड़ ठेकेदार ने काटे हैं, उतने पेड़ नहीं लगाए हैं। ऐसे में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को कहा कि ठेकेदार के विरुद्ध जरूरी कार्रवाई की जाए। वहीं, जनपद पंचायत रतलाम, जनपद बाजना, एसडीएम सैलाना का जनसुनवाई के प्रकरण का निराकरण शून्य था, इस पर कलेक्टर की नाराजगी सामने आई है।

## ठेकेदार पर कार्रवाई क्यों नहीं करते...

एसडीएम ग्रामीण ने नल जल योजना की धीमी गति के बारे में बताया। इसपर कलेक्टर कार्यपालन यंत्री गोगादे पर नाराज हुए। उन्होंने कहा ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि ठेकेदार ने समय सीमा में काम पूरा करने का आश्वासन दिया है। भास्कर

दै. भास्कर 18/12/21

# विकास के कार्य ठेकेदार शीघ्र प्रारंभ करें

रतलाम ● नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क डामरीकरण, सीमेन्टीकरण, ड्रेन, क्रॉस ड्रेन, नाली व पुलिया निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर कार्य तेजी से करने के निर्देश ठेकेदारों को दिए। निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदारों को निर्देशित किया जिन कार्यों के कार्यादेश जारी किए जा चुके है वे कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं तथा डामरीकरण का कार्य 28 दिसम्बर से अनिवार्य रूप से प्रारंभ किया जाएं।

स्वदेश

स्वदेश 18/12/21

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों को मिलेगा खाद्यान्न

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों को 5 किलो खाद्यान्न जिसमें 4 किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल प्रति सदस्य नि:शुल्क माह दिसम्बर से मार्च 2022 तक नियमित राशन के साथ-साथ मिलेगा। उक्त खाद्यान्न जिले में स्थित समस्त 523 उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचाया गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजनान्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना एवं प्राथमिक परिवारों के पात्र हितग्राहियों को (5 किलो खाद्यान्न जिसमें 4 किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल) प्रति सदस्य को 1 रुपए किलो गेहूं/चावल का वितरण किया जाता है। माह दिसम्बर में भी इस राशन के साथ-साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का खाद्यान्न नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उपभोक्ता अपनी निर्धारित उचित मूल्य दुकान से दोनों योजनाओं का सशुल्क व नि:शुल्क खाद्यान्न प्राप्त करें तथा विक्रेता से अपनी पीओएस मशीन से निकलने वाली पावती (बिल) अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।

यदि विक्रेता उसे पीओएस मशीन की पावती (बिल) नहीं देता है तो उसकी शिकायत संबंधित क्षेत्रीय सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से करें अथवा जिला खाद्य कार्यालय में स्थित पीडीएस कंट्रोलरूम के दूरभाष नम्बर 07412-270414 पर कार्यालयीन समय में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। स्वदेश

स्वदेश 18/12/21

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों को मिलेगा खाद्यान्न

नवभारत

रतलाम। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्तर्गत पात्र हितग्राहियों को 5 किलो खाद्यान्न जिसमें 4 किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल प्रति सदस्य नि:शुल्क माह दिसम्बर से मार्च 2022 तक नियमित राशन के साथ-साथ मिलेगा। उक्त खाद्यान्न जिले में स्थित समस्त 523 उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचाया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजनान्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना एवं प्राथमिक परिवारों के पात्र हितग्राहियों को (5 किलो खाद्यान्न जिसमें 4 किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल) प्रति सदस्य को 1 रुपए किलो गेहूं/चावल का वितरण किया जाता है। माह दिसम्बर में भी इस राशन के साथ-साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का खाद्यान्न नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उपभोक्ता अपनी निर्धारित उचित मूल्य दुकान से दोनों योजनाओं का सशुल्क व नि:शुल्क खाद्यान्न प्राप्त करें तथा विक्रेता से अपनी पीओएस मशीन से निकलने वाली पावती (बिल) अनिवार्य रुप से प्राप्त करें। यदि विक्रेता उसे पीओएस मशीन की पावती (बिल) नहीं देता है तो उसकी शिकायत संबंधित क्षेत्रीय सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से करें अथवा जिला खाद्य कार्यालय में स्थित पीडीएस कंट्रोल रुम के दूरभाष नम्बर 07412- 270414 पर कार्यालयीन समय में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

नवभारत 18/12/21

# मार्च तक पात्र हितग्राहियों को मिलेगा खाद्यान्न

रतलाम। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 5 किलो खाद्यान्न जिसमें 4 किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल प्रति सदस्य निशुल्क माह दिसंबर से मार्च 2022 तक नियमित राशन के साथ-साथ मिलेगा। उक्त खाद्यान्न जिले में सभी 523 उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचाया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि दिसंबर में भी इस राशन के साथ-साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का खाद्यान्न निशुल्क वितरण किया जाएगा। विक्रेता से पीओएस मशीन से निकलने वाली पावती (बिल) अनिवार्य रुप से प्राप्त करें। बिल नहीं मिलने पर शिकायत संबंधित क्षेत्रीय सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से अथवा जिला खाद्य कार्यालय में स्थित पीडीएस कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07412- 270414 पर कार्यालयीन समय में कर सकते हैं। नई.

नईदुनिया 18/12/21

## परेशानी : लोहार रोड क्षेत्र में नाली का पानी सड़क पर बह रहा, लोग परेशान



रतलाम | लोहार रोड क्षेत्र में पिछले तीन-चार सप्ताह से नालियों की सफाई नहीं हो पाई है। नतीजतन नाली जाम होकर उसका गंदा पानी सड़क पर बहने लगा है। विशेष कर जिस दिन पानी सप्लाई का टर्न रहता है उस दिन गंदा पानी बाहर आता है। जिस स्थान पर गंदा पानी बाहर निकलता है वहीं महादेव और हरदेवलाला भेरूजी का मंदिर है। भक्तों को मंदिर में आने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने इसे लेकर पूर्व पार्षद व निगम के अधिकारियों को अवगत करवाया था, अभी तक समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। पूर्व पार्षद चंद्रप्रकाश पुरोहित ने बताया सफाईकर्मियों को कह रखा है। एक-दो दिन में नालियों की सफाई करवा दी जाएगी। भास्कर

दै. भास्कर 18/12/21

15 कर्मचारियों के भरोसे गीला - सूखा कचरा अलग करना किया शुरू

# शहर की सफाई : 99.47 लाख लेंगे इंदौर के 56 कर्मचारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. इंदौर की एक निजी फर्म को नगर निगम ने 99.47 लाख रुपए का ठेका दिया है। स्वच्छता अभियान 2022 के अंतर्गत ठेका लेने वाली कंपनी गीला व सूखा कचरा अलग करने में सहयोग करेगी। इस कंपनी के 56 कर्मचारी के अलावा निगम के 15 कर्मचारियों की अलग से मदद निजी कंपनी को निगम देगा।

वर्ष 2022 स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर निगम ने तैयारियों को शुरू कर दिया है। हाल ही में सफाई संगत में जहां शहर की सफाई कार्य को इंदौर की तर्ज पर करवाने के लिए कार्य देने की तैयारी की जा रही है वही इसके पूर्व एक कंपनी को गीला - सूखा कचरा अलग करने के कार्य को सौंप दिया गया है। 56 कर्मचारी इसके लिए काम करेंगे, शुरुआत में 35 कर्मचारियों ने कामकाज को संभाल लिया है। असल में स्वच्छता अभियान 2022 में 7500 अंक से परीक्षा ली जाएगी। पूर्व के नियम में 6 हजार अंक लाना होते थे। अब 1500 अंक नए नियम को जोड़कर बढ़ाए गए है।

नगर निगम स्वच्छता अभियान 2022 में बेहतर करने का प्रयास कर रहा है। इसमे पूरे शहर की सहभागिता जरूरी है। सभी सहयोग देंगे तो रतलाम को नंबर एक पर आने से कोई नहीं रोक सकता है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

## पांच साल में मिली है इतनी रैंक

| वर्ष | कुल शहर | मिली रैंक |
|---|---|---|
| 2016 | 500 | 79 |
| 2017 | 500 | 48 |
| 2018 | 4203 | 62 |
| 2019 | 6000 | 62 |
| 2020 | 4242 | 49 |
| 2021 | 372 | 42 |

पत्रिका

पत्रिका 18/12/21

## आपकी सरकार-आपके साथ के तहत वार्ड वार शिविरों का आयोजन

रतलाम ● हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत दिलाए जाने हेतु शासन द्वारा चलाए जा रहे आपकी सरकार-आपके साथ अभियान के तहत 30 दिसम्बर तक लगाए जा रहे वार्ड वार जनसमस्या निवारण शिविर के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नियुक्त निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को हितग्राही मूलक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि वार्ड वार आयोजित किए जाने वाले शिविर में वार्ड के रहवासियों की समस्याएं, मूलभूत सुविधाएं, जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र एवं वंचित हितग्राहियों का लाभ दिलाया जाना है साथ ही शिकायतों का भी निराकरण किया जाना है ।

स्वदेश 18/12/21

## नगर निगम द्वारा सोमवार से वार्ड वार बकाया वसूली शिविरों का आयोजन

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबधित करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर, 18 जनवरी से आयोजित किए गए हैं जो 3 मार्च 2022 तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपतिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगें।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित षिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें। प्रसारण

प्रसारण 18/12/21

# निगम से संबंधित कार्य नागरिक घर बैठे-बैठे करा सकेंगे

## नगर निगम तैयार कर रहा है मोबाईल एप "रतलाम 311"

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



नगर निगम से संबंधित कार्य नगर के नागरिक घर बैठे कर कर सके इस हेतु नगर निगम रतलाम इंदौर सहित अन्य षहरों की तरह मोबाईल एप "रतलाम 311" शीघ्र तैयार करने जा रहा है जिसका प्रेजेन्टेशन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम अधिकारियों को सिविल सोल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड के अनिकेत चौहान ने दिया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम रतलाम इंदौर सहित अन्य बड़े शहरों की तरह नगर पालिका निगम रतलाम मोबाईल एप 'रतलाम 311' तैयार करने जा रहा है जो नगर वासियों को निगम के साथ संवाद स्थापित करने में मदद करेगा एवं निगम के कार्यों को सुगमता से संचालित करने हेतु एक माध्यम बनकर नगरवासियों को सुविधा प्रदान करने में मदद करेगा साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में मददगार साबित होगा। इस ऐप के माध्यम से हम शहर में आ रही समस्या जैसे स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, भवन निर्माण से संबंधित, उद्यान विभाग से संबंधित, कचरा गाड़ी से संबंधित आदि शिकायतों को विभाग के अधिकारियों को घर बैठे अवगत करा सकते हैं ताकि अधिकारी जल्द से जल्द समस्या का निराकरण कर सके। इस एप में अन्य सुविधाएं जैसे जलकर, संपत्तिकर, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित निगम से संबंधित अन्य सेवाऐं रहेगी जिसका कमाण्ड सेंटर सिविक सेन्टर स्थित एसबीएम सेल में बनाया जायेगा। नागरिक एप के माध्यम से अपने घर से ही निगम से संबंधित करो की राषि जमा करा सकेंगे। एप के माध्यम से जहां एक ओर निगम के कार्यों को गति मिलेगी वहीं नागरिकों को सुविधा होकर निगम के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। प्रसारण



## 80 अधिकारी/कर्मचारी हुए वायरलैस वॉकी-टॉकी से लैस
## निगम के कार्यों को मिलेगी गति

नगर निगम के कार्यों को ओर अधिक गति दिये जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एस टेल कम्पनी के क्रय किये गये 80 वॉयर लैस वॉकी–टॉकी निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम के 80 मैदानी अधिकारी एव कर्मचारियों को दिये गये।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा 80 वॉयरलैस वॉकी–टॉकी मैदानी अधिकारी/कर्मचारियों प्रदान किये गये है इससे एक ही समय मे बात की जा सकती है। क्रय किये गये वॉयरलैस वॉकी–टॉकी पूरे भारत में संचालित हो सकेगा व कहीं से भी बात कर स[illegible] जिससे निगम के कार्यों को ओर अधिक गति मिलेगी। उक्त अवसरों पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ षेख, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, एस.पी. आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, श्रीमती अनिता ठाकुर, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, सहायक सुभाष गोयल, सहायक वर्ग–2 बी.एल. चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत [illegible] विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

प्रसारण 18/12/21

# गुलाब चक्कर में बनेगा बैंडस्टैंड, नए सिरे से होगी सजावट, नक्शा तैयार

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर की नवीन साज-सज्जा के लिए नक्शा तैयार हो गया है। 27 लाख रुपये खर्च कर गुलाब चक्कर को बैंडस्टैंड का रूप दिया जाएगा। विधायक चेतन्य काश्यप व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शीघ्र ही गुलाब चक्कर सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा।

परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक ने बताया कि रिनोवेशन कार्य पर जनभागीदारी योजना से 27 लाख 31 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। जिला टूरिज्म काउंसिल के तत्वावधान में डीपीआर भोपाल की इंटेक संस्था द्वारा बनाई गई है। क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया है, जिसके द्वारा शीघ्र ही टेंडर जारी किए जाने वाले हैं।गुलाब चक्कर को नए स्वरूप देने के लिए वर्ष 2012 में योजना बनाई गई थी। इसके बाद वर्ष 2015-16 में तत्कालीन कलेक्टर चंद्रशेखर बोरकर ने पूरे परिसर में रंग-रोगन करवाने के बाद फव्वारे, कलेक्टोरेट भवन व गुलाब चक्कर के बीच सड़क को बेरिकेडिंग कर बंद करने के साथ ही लाइटिंग, गुलाब के पौधे आदि लगवाए गए। छोटा अस्थाई मंच बनवाकर सांस्कृतिक आयोजनों की शुरुआत करवाई गई।





गुलाब चक्कर को अब इस तरह बैंडस्टैंड का स्वरूप दिया जाएगा। • नईदुनिया

गई।

नईदुनिया 14/12/21

## 27 लाख रुपए से गुलाब चक्कर की नई साज-सज्जा होगी

**रतलाम.** शहर के पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर की नई साज-सज्जा की जाएगी। इसके लिए नक्शा बनकर तैयार हो गया है। गुलाब चक्कर को विकसित करने के लिए 27 लाख रुपए खर्च किए जाकर बैंडस्टैंड का रूप दिया जाएगा। विधायक चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शीघ्र ही गुलाब चक्कर सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक ने बताया कि रिनोवेशन कार्य पर जनभागीदारी योजना से 27 लाख 31 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। जिला टूरिज्म काउंसिल के तत्वावधान में उक्त कार्य की डीपीआर भोपाल की इंटेक संस्था द्वारा बनाई गई है। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया है, जिसके द्वारा शीघ्र ही टेंडर जारी किए जाने वाले हैं।

## भैंस दिखी तो लगा दिया 10 हजार जुर्माना

**रतलाम.** शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल के साथ शुक्रवार को किया। इस दौरान विनोबा नगर क्षेत्र में स्वच्छंद विचरण करने वाली 3 भैंस निगम आयुक्त झारिया को नजर आई तो मवेशी को पकड़ने का कहकर भैंस पालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया।

## निगम बना रहा मोबाइल एप रतलाम 311

**रतलाम.** नगर निगम से संबंधित कार्य नगर के नागरिक घर बैठे कर कर सकें इसके लिए नगर निगम इंदौर - उज्जैन सहित अन्य शहरों की तर्ज पर मोबाईल एप रतलाम 311 को तैयार करवा रहा है। इसका प्रजेंटेशन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में शुक्रवार को हुआ है। आयुक्त झारिया ने बताया निगम अधिकारियों को सिविल सोल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड के अनिकेत चौहान ने दिया। पत्रिका

पत्रिका 18/12/21

## रतलाम 311 एप पर बता सकेंगे निगम को समस्याएं

भास्कर

**रतलाम** | नगर निगम से संबंधित समस्याओं की शिकायत और निराकरण के लिए निगम ने रतलाम 311 नामक मोबाइल एप तैयार करवाया है। स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, भवन निर्माण, उद्यान, कचरा कलेक्शन गाड़ी सहित सभी विभागों की समस्याएं दर्ज कराकर निराकरण करा सकेंगे। जलकर, संपत्तिकर, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित निगम से संबंधित अन्य सेवाएं मिलेंगी।

दै. भास्कर 18/12/21

## गायों को भूखे-प्यासे बांधने पर हो कार्रवाई

**रतलाम** | अनुपयोगी मवेशियों को एक स्थान पर बांध कर भूख प्यास से मरने छोड़ा जा रहा है। मवेशियों के मालिकों को लाया जाता है तो वे मवेशियों को पहचानने से इंकार कर देते हैं। अगर व्यापारी पकड़ में आ जाता है तो उसे मवेशी बेच दिया जाता है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो।

यह मांग भारतीय गोरक्षा वाहिनी जिलाध्यक्ष आदित्यसिंह पिता नितेंद्रसिंह राठौर ने माणकचौक थाने पर लिखित में की। थाने पर लिखित में दी शिकायत में बताया कि कुछ लोग बिना उपयोगी बछड़े, गाये जहांगीर आयल परिसर में बांध कर चले जाते हैं। मवेशी भूखा-प्यासा ही मर जाता है। कोई व्यापारी मिल जाए तो उसक[illegible]दा कर ले जाता है। नहीं तो मवेशी व[illegible] मर जाते है।

## इधर, 3 भैंसें जब्त, मालिक पर 10 हजार का जुर्माना

**रतलाम** | विनोबा नगर क्षेत्र से नगर निगम अमले ने खुले में घूम रही तीन भैंसों को जब्त किया। भैंस मालिक संजय यादव से 10 हजार रुपए का जुर्माना किया। सफाई के निरीक्षण पर आयुक्त सोमनाथ झारिया को नागरिकों ने विनोबा नगर नाले के पास बने सुविधाघर में दरवाजे नहीं होने की शिकायत की।

विनोबा नगर बगीचे में भवन निर्माण सामग्री रखकर अतिक्रमण कर रखा था। आयुक्त ने सामग्री जब्त करवाई। जवाहर मुक्तिधाम के पीछे कचरा पड़ा देखकर आयुक्त ने कचरा उठवाया। वार्ड प्रभारी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। इसके अलावा बरबड़ रोड, नयागांव, विनोबा नगर, ग्बोलस सिटी आदि क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। भास्कर

दैनिक भास्कर 18/12/21

## स्वच्छंद विचरण करने वाली तीन भैंसें जब्त

**रतलाम।** शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल के साथ विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम अलकापुरी क्षेत्र के सफाई कार्य का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण वाहना के चालकों व हेल्पर को नागरिकों से सेग्रीगेटेट कचरा लेने के निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने बरबड़ रोड, नयागांव, विनोबा नगर, ग्लोबस सिटी आदि क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। विनोबा नगर के निरीक्षण के दौरान जवाहर नगर मुक्तिधाम के पीछे कचरा पाए जाने पर निर्देशित किया कि यहां पर जिस-जिस वार्ड का कचरा आता है, उस वार्ड के प्रभारी का एक दिन का वेतन काटा जाए तथा कचरा उठवाया जाकर भविष्य में यहां कचरा नहीं डले सुनिश्चित किया जाए। विनोबा नगर क्षेत्र में स्वच्छंद विचरण करने वाली तीन भैसों को निगम आयुक्त के निर्देशन में पकड़ा जाकर भैंस मालिक संजय यादव पर 10 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। विनोबा नगर उद्यान में भवन निर्माण सामग्री रखकर अतिक्रमण पाए जाने पर निगम आयुक्त ने भवन निर्माण सामग्री जब्त करने व उद्यान की बाउंड्रीवाल निर्माण की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा को दिए। जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े सहित वार्ड प्रभारी उपस्थित थे। नई.


नईदुनिया 18/12/21

## 6375 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार तक 6375 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। नई.

नईदुनिया 18/12/21

# गुलाब चक्कर की नवीन साज-सज्जा, 27 लाख रूपए वहन करके बैंड स्टैंड के रूप में विकसित होगा



**रतलाम।** पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर की नवीन साज-सज्जा की जाएगी इसके लिए नक्शा बनकर तैयार हो गया है। गुलाब चक्कर को विकसित करने के लिए 27 लाख रुपए खर्च किए जाकर बैंडस्टैंड का रूप दिया जाएगा।

विधायक चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शीघ्र ही गुलाब चक्कर सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक ने बताया कि रिनोवेशन कार्य पर जनभागीदारी योजना से 27 लाख 31 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। जिला टूरिज्म कार्उंसिल के [illegible]त्वावधान में उक्त कार्य की डीपीआर भोपाल की इंटेक संस्था द्वारा बनाई गई है। क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया है, जिसके द्वारा शीघ्र ही टेंडर जारी किए जाने वाले हैं। प्रसारण

प्रसारण 18/12/21

# रतलाम 311 एप से घर बैठे होंगे नगर निगम के काम

## आनलाइन सुविधा देने के लिए निगम बनवा रहा एप, कर जमा कराने के साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनवा सकेंगे

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नगर निगम के कामकाज को आनलाइन करने के लिए अब निगम प्रशासन एप बनवा रहा है। रतलाम 311 के नाम से बनने वाले इस एप से लोग नगर निगम संबंधित काम घर बैठे ही आसानी से निपटा सकेंगे। शुक्रवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में निगम अधिकारियों को सिविल सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के अनिकेत चौहान ने एप को लेकर प्रजेंटेशन दिया।

निगम आयुक्त ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए इंदौर सहित अन्य बड़े शहरों की तरह नगर निगम भी मोबाइल एप रतलाम 311 तैयार करने जा रहा है। एप नगर वासियों को निगम के साथ संवाद स्थापित करने व निगम के कार्यों को सुगमता से संचालित करने का एक माध्यम



नगर निगम मे वाकी-टाकी दिखाते हुए अधिकारी-कर्मचारी।

बनकर नगर वासियों को सुविधा प्रदान करने में मदद करेगा। इसके साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भी एप से सहायता मिलेगी।

**शिकायत भी कर सकेंगे शहरवासी:** इस एप के माध्यम से शहर में स्वास्थ्य विभाग, भवन निर्माण, उद्यान विभाग, कचरा गाड़ी से संबंधित आदि शिकायतों को विभाग के अधिकारियों को घर बैठे अवगत कराया जा सकेगा। शिकायत मिलने पर अधिकारी जल्द से जल्द समस्या का निराकरण कर सकेंगे। जलकर, संपत्तिकर, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित निगम से संबंधित अन्य सेवाएं भी एप से मिलेंगी। एप का कमांड सेंटर सिविक सेन्टर स्थित एसबीएम सेल में बनाया जाएगा। नागरिक एप के माध्यम से अपने घर से ही निगम से संबंधित करों की राशि जमा करा सकेंगे। इससे निगम के कार्यों को गति मिलेगी वहीं नागरिकों को निगम के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे।

### निगम के कार्यों को मिलेगी गति, 80 वायरलैस वाकी-टाकी मैदानी अमले को दिए

नगर निगम द्वारा क्रय किए गए 80 वायरलैस वाकी-टाकी निगम आयुक्त की उपस्थिति मे निगम के 80 मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए गए। वाकी-टाकी पूरे भारत मे संचालित हो सकेगा व कहीं से भी बात हो सकेगी। इससे निगम के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, अरविंद दशोतर, एसपी आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, सुहास पंडित, बीएल चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, अनिता ठाकुर, दीक्षा निजामपुरकर, निज सहायक सुभाष गोयल, सहायक वर्ग-2 बीएल चौधरी, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान आदि को वाकी टाकी दिए गए है।

नईदुनिया 18/12/21

# हमारा प्राचीन गुलाब चक्कर बैंड स्टैंड के रूप में संवरेगा, सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 27 लाख रुपए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पुराने कलेक्टोरेट परिसर स्थित प्राचीन गुलाब चक्कर का रूप जल्द ही बदल जाएगा। इसे अब बैंड स्टैंड के रूप में संवारा जाएगा। साथ ही बाहरी और कैंपस का भी सौंदर्यीकरण होगा। पूरे काम पर लगभग 27 लाख रुपए खर्च होंगे।

प्रशासन ने इसका नक्शा तैयार कर लिया है। इसके लिए विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पहल की थी। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक के अनुसार रिनोवेशन कार्य पर जनभागीदारी योजना से 27.31 लाख रुपए खर्च होंगे। जिला टूरिज्म काउंसिल के तत्वावधान में इस कार्य की डीपीआर भोपाल की कंसल्टेंट कंपनी ने बना दी है। क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया है। डॉक्यूमेंट तैयार होते ही टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। सबकुछ योजनाबद्ध चला तो फरवरी 2022 में आने वाले रतलाम के स्थापना दिवस (बसंत पंचमी) तक काम शुरू हो जाएगा।

## 1879 में महाराजा रणजीत सिंह ने बनवाया था गुलाब चक्कर



सौंदर्यीकरण के बाद ऐसा दिखेगा गुलाब चक्कर।

गुलाब चक्कर का निर्माण 1879 में महाराजा रणजीत सिंह (1861-1893) के कार्यकाल में हुआ था। इसका नाम महाराजा रणजीत सिंह की पुत्री राजकुमारी गुलाबकुंवर के नाम पर रखा गया था। उस समय आसपास लगभग 100 मीटर तक सुंदर बगीचा बना हुआ था, जिसमें 10 से 12 तरह के गुलाब खिलते थे। अब यहां पुरातात्विक संग्रहालय है। इसमें जिले में अलग-अलग जगह हुई खुदाई में प्राप्त देवी-देवताओं की प्रतिमा व अवशेष सहेज कर रखे हुए हैं। रखरखाव नहीं होने से यह संग्रहालय भी बदहाल स्थिति में है।

## 17 साल में दो बार हो चुका है सौंदर्यीकरण

गुलाब चक्कर का प्राचीन वैभव को लौटने की कोशिश 17 साल में दो बार हो चुकी है। 2005-07 में तत्कालीन कलेक्टर दिप्ती गौड़ मुखर्जी ने संग्रहालय में पक्के स्टैंड बनवाकर अस्त-व्यस्त पड़ी मूर्तियों को स्थापित करवाया था। साथ ही सेंट्रल हॉल में इटालियन शैली का कैंडल भी लगवाया था। इसके बाद 2016 में तत्कालीन कलेक्टर बी. चंद्रशेखर ने 8 से ज्यादा प्रजातियों के गुलाब व अन्य सजावटी पौधे लगाकर बगीचे नए सिरे से विकसित कर चुके हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 18/12/21